यूज्ड कुकिंग ऑयल से बनेगा बायोडीजल, 55 रुपये प्रति लीटर होगा रेट!

अगर आप अभी तक यूज्ड कुकिंग ऑयल को ऐसे ही फेंक देते हैं तो अब जान लीजिए इससे बायोडीजल बनाने की तैयारी चल रही है.

नई दिल्ली/ खुशबू श्री : अगर आप अभी तक यूज्ड कुकिंग ऑयल को ऐसे ही फेंक देते हैं तो अब जान लीजिए इससे बायोडीजल बनाने की तैयारी चल रही है. दरअसल एफएसएसएआई (FSSAI) यूज्ड कुकिंग ऑयल से बायोडीजल बनाने की तैयारी में है. इसके लिए RUCO प्रोजेक्ट को लॉन्च किया गया है. इस प्रोजेक्ट में गाइड लाइन तैयार की गई है. इस गाइड लाइन में कहा गया है कि यूज्ड कुकिंग ऑयल को तीन बार से ज्यादा इस्तेमाल नहीं करें क्योंकि इससे ज्यादा इस्तेमाल करने से तेल में टोटल पोलर कंपाउंड की मात्रा बढ़ जाती है. यह सेहत के लिए काफी हानिकारक है.

ऑयल कलेक्शन के लिए 60 एजेंसियां सामने आईं

गाइडलाइन में कहा गया है कि तीन बार इस्तेमाल किए जाने के बाद जो तेल बच जाएगा उसे इकट्ठा कर बायोडीजल बनाया जाएगा. यूज्ड ऑयल के कलेक्शन के लिए देश के 101 शहरों से 60 एजेंसियां सामने आई हैं जो तीन बार से ज्यादा इस्तेमाल कुकिंग ऑयल को इकट्ठा करेंगी. खासतौर से मल्टीनेशनल रिटेल आउटलेट पर ईटिंग आउटलेट से वेस्ट तेल इकट्ठा किया जाएगा. इंडियन बायोडीजल एसोसिएशन इस्तमाल किये गए तेल को बायो डीजल में कन्वर्ट करेगा.

कई रिफाइनरी भी इस काम मे लगी

इसके अलावा कुछ राज्यों बायोडीजल की मदद ली जाएगी. राज्यों की कई रिफाइनरी भी इस काम मे लगी हैं. यूज्ड कुकिंग ऑयल 30 से 35 रुपये लीटर बिकेगा जिसे खरीदने के लिए एक इको सिस्टम तैयार किया जा रहा है जिसकी मदद से बड़े होटलों रेस्टोरेंट और ईटिंग जॉइंट से सिस्टेमेटिक तरीके से इस्तेमाल किया हुआ तेल इकट्ठा किया जाएगा. हालांकि घरों से इकट्ठा करने के लिए सिस्टम बनाने में एक काफी वक्त लगेगा.

इस्तेमाल किए गए तेल पर लगभग एक डेढ़ साल से काम करने के बाद FSSAI ने यह फैसला लिया है. कुकिंग ऑयल से बना बायोडीजल लगभग 55 प्रति लीटर बिकेगा.